सार-समाचार

40 वार्ड में होगा 3.30 करोड़ के विकास कार्य

मेड़ता सिटी, (निसं)। मेड़ता नगरपालिका के इतिहास में पहली बार मीडिया, पार्षद के साथ अधिकारियों के सामने ही ओपन टेंडर प्रक्रिया को पूरा किया गया। मेड़ता नगरपालिका में 3.30 करोड़ की लागत से मेड़ता शहर के 40 वार्ड में विकास कार्य किए जाएंगे। नगरपालिका अध्यक्ष ने मंगवालर को मीडिया ओर सभी कर्मचारियों और पार्षदों व ठेकेदारों के सामने ही ओपन टेंडर प्रकिया कर उसका जवाब दिया। नगरपालिका अध्यक्ष पवन परतानी ने बताया कि भाजपा सरकार हमेशा आमजन के हित को लेकर काम किए हे। भाजप के बोर्ड ने कभी भी किसी भी पार्षद के नाराज नहीं किया हे हमेशा सभी के वार्डो में कार्य किए हे इस बार भी 3.30 करोड़ की लागत से 66 विकास कार्यों की निविदाएं जारी की गई वो भी ओपन। शहर के 40 वार्डों में होंगे सड़क, नाली सहित कई विकास कार्य। नगरपालिका चेयरमैन पवन परतानी ने बताया कि हमारे साथी वार्ड 40 के पार्षद ने जो आरोप लगाए हे वो बिल्कुल ही गलत हे। भाजपा हमेशा ही जनता के विकास को लेकर कार्य कर रही हे और इस बार सभी अधिकारियों और आमजन से साथ मीडिया के सामने ही ओपन वर्क कार्य को लेकर टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई। इन टेंडर से लगभग 3.30 करोड़ की लागत से विकास कार्य किए जाएंगे। और ईओ प्रकाश डूडी की उपस्थिति में खोली गई निविदाएं, पार्षद राजेंद्र सांखला, रामसुख मुंशी, मोहित माली, दिलीप माली, ओमप्रकाश गहलोत, पार्षद प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह और पूर्व केश कला बोर्ड सदस्य मानक सेन, श्री कांत बजाज, राजू बेड़ा सहित कई पार्षद व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

समिति की बैठक आयोजित

अजमेर,(कासं)। जिला कलक्टर लोक बन्धु के निर्देशानुसार राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत हुए एमओयू को धरातल पर उतारने तथा जिले में उद्योगों की स्थापना को गति देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय समिति की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। अतिरिक्त जिला कलैक्टर वंदना खोरवाल ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि निवेशकों को उद्योग स्थापना के लिए आवश्यक सभी मूलभूत सुविधाएं तत्परता से उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इससे जिले में औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस चौकी स्थापित करने एवं रात्रि गश्त की मांग पर समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पालरा क्षेत्र में 220 केवी जीएसएस के निर्माण की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि विद्युत आपूर्ति की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने पीने के पानी की समस्या के त्वरित समाधान, औद्योगिक क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा परबतपुरा औद्योगिक क्षेत्र की हाईवे सर्विस लेन को दुरुस्त करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी विभागों से आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने की निर्देशित किया। इससे निवेशकों को अनुकूल वातावरण मिल सकेगा और जिले में रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। बैठक में जिला उद्योग महाप्रबंधक ने जानकारी दी कि नवीन औद्योगिक क्षेत्रों के विकास की मांग को ध्यान में रखते हुए केकड़ी, उदयपुरकला, पुष्कर, पालरा विस्तार, गेगल विस्तार सहित अन्य संभावित क्षेत्रों में भूमि चिन्हीकरण कर प्रस्ताव संबंधित विभाग को भेजे जाएंगे। इस अवसर पर उद्योग प्रतिनिधि, निवेशक, सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न

अजमेर, (कासं)। माखुपुरा स्थित महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को संस्थान प्रबंधन समिति की बैठक जयपुर के उद्योगपति एवं आईएमसी अध्यक्ष एन.के. जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। संस्थान के सहायक निदेशक शैलेन्द्र माथुर ने बताया कि प्रबंधन समिति की बैठक में महिला आईटीआई के निरन्तर विकास पर चर्चा हुई। नए व्यवसाय प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गई। सभी सदस्यगण छात्राओं से रूबरू हुए। साथ ही संस्थान में संचालित व्यवसायों के प्रचुर प्रचार प्रसार एवं होर्डिंग लगवाने का निर्णय लिया गया। संस्थान में संचालित प्रशिक्षण स्तर की समस्त सदस्यों ने सराहना की एवं स्वयं के माध्यम से छात्राओं को स्थानीय रोजगार एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में मार्गदर्शन प्रदान करने की घोषणा की। बैठक में स्थानीय उद्योगपति एवं सदस्यगण एस.डी. बाहेती, रमेश तापड़िया, मुक्ता अग्रवाल प्राविधिक शिक्षा के संयुक्त निदेशक श्याम बाबू माथुर, रोजगार विभाग के उपनिदेशक मधुसूदन जोशी, पूर्व प्राचार्य एवं शिक्षाविद राजकुमार, सदस्य छात्रा रश्मि, समूह अनुदेशक रविन्द्र सिंह रावत एवं सहायक प्रशासनिक अधिकारी सुरेश चंद रैगर उपस्थित रहे।

राइफल शूटिंग प्रतियोगिता 21 से

अजमेर, (कासं)। 11वीं अखिल भारतीय सम्राट पृथ्वीराज चौहान राइफल्स शूटिंग प्रतियोगिता आगामी 21 से 24 अप्रैल तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता में देश भर के करीब पांच से अधिक शूटिर भाग लेंगे। प्रयोगिता छात्र-छात्रा, महिला एवं पुरुष तथा मास्टर्स वर्ग के मुकाबला में आयोजित की जाएगी। विजेताओं को ट्रॉफी, प्रशस्ति सहित नगदी राशि ईमान स्वरूप दी जाएगी। प्रतियोगिता के मुख्य संरक्षक कंवल प्रकाश किशनानी ने बताया कि राजस्थान राइफल्स शूंटिंग एसोसिएशन से पंजीकृत यह प्रतियोगिता देव नगरए पंचशील रोड एलोहागल स्थित करणी स्पोटर्स शूंटिंग एवं एडवेंचर अकादमी की अंतर्राष्ट्रीय मानक अनुसार सुसज्जित रेंज पर आयोजित होगी। इसमें 12, 18 व 21 वर्ष के छात्र-छात्रा (जूनियर वर्ग) में एयर राइफल एवं पिस्टल वर्ग के मुकाबलों में भाग लेंगे। 21 वर्ष से ऊपर सीनियर वर्ग में तथा हैंडिकैप्ड एवं मास्टर्स वर्ग के भी एयर राइफल एवं पिस्टल के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। सभी प्रतियोगियों एवं टीमों को 20 अप्रैल तक अपना रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य होगा।

निकली विशाल कलश यात्रा

सरवाड़, (निसं)। शहर में श्री मंशापूर्ण गणेश मंदिर में मंगलवार को शुरू महायज्ञ का शुभारंभ किया गया नवकुंडात्मक श्री गणपति महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा व रामलीला बुधवार से विधिवत शुरुआत होगी वहीं श्री 108 महंत लक्ष्मण दास महाराज अखिल भारतीय श्री पंच राम दिगंबर अनी अखाड़ा वृन्दावन के सानिध्य में हो रहे विशाल महायज्ञ को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर पंडित राजेंद्र प्रसाद तिवाड़ी ने बताया कि मंगलवार से शहर स्थित भीमेश्वर मंदिर परिसर से कलश यात्रा प्रारंभ हुई जो बस स्टैंड से सदर बाजार से दरगाह बाजार गोपाल बावड़ी होते हुए श्री मंशापूर्ण गणेश जी मंदिर पहुंची इस शोभायात्रा में महिलाओं ने अपने सिर पर कलश लेकर चल रही थी वहीं बैंड बाजों की धुन पर नाचते-गाते हुए भगवान के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु चल रहे थे इस अवसर पर जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया जहां मंगल कलशों की विधिवत रूप से कलशो की पूजा अर्चना हुई वहीं मंडप प्रवेश सर्वदेव पूजन स्थापना की गई इसी के साथ आज बुधवार से श्रीमद्भगवत कथा प्रारम्भ होगी वहीं बुधवार को सर्वदेव पूजन अग्नि स्थापना हवन भागवत कथा व रामलीला का आयोजन होगा 16 अप्रैल से 22 अप्रैल तक सर्वदेव पूजन हवन भागवत कथा रामलीला का आयोजन किया जाएगा वहीं यज्ञ पूर्णाहूति 23 अप्रैल को महाप्रसाद संत विदाई के साथ महायज्ञ सम्पन्न होगा।

परिसीमन की प्रक्रिया को लेकर मांगी जा रही आपत्तियों में खानापूर्ति का आरोप

- अजमेर शहर अध्यक्ष राजकुमार गर्ग ने बताया की अजमेर शहर व ग्रामीण में परिसीमन की प्रक्रिया में नियमों में उल्लंघन किया गया है

अजमेर, (कासं)। राजीव गाँधी पंचायती राज संगठन अजमेर के शहर अध्यक्ष राजकुमार गर्ग व देहात जिला अध्यक्ष हरचंद खटाना के नेतृत्व में राजीव गाँधी पंचायती राज संगठन शहरी व ग्रामीण पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अजमेर जिला कलेक्टर को राजयपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

अजमेर शहर अध्यक्ष राजकुमार गर्ग ने बताया की अजमेर शहर व ग्रामीण में परिसीमन की प्रक्रिया में नियमों के उल्लंघन किया गया है, वार्डों के पुनर्गठन और परिसीमन भी जनसंख्या के आधार पर होना था, लेकिन 2011 के बाद जनगणना नहीं हुई है, उस वक्त 5 लाख 11 हजार अजमेर की जनसंख्या थी, परिसीमन को लेकर अजमेर की अनुमानित जनसंख्या क्या मानी गई?

प्रशासन ने इसका जिक्र अभी तक नहीं किया, परिसीमन की प्रक्रिया को लेकर मांगी जा रही आपत्तियों में खानापूर्ति की जा रही है, भाजपा के नेताओं द्वारा खुदके वोट बैंक का ध्यान में रखते हुए परिसीमन किया जा रहा है, राजस्थान सरकार द्वारा विधि विरुद्ध तरीके से कि जा रही स्थानीय निकायों की परिसीमन प्रक्रिया को रोककर संविधान सम्मत समयबद्ध चुनाव कराए, राजस्थान सरकार द्वारा संविधान एवं विधि का पूरी तरह उल्लंघन करते हुए केवल राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित होकर पंचायती राज एवं नगरीय निकायों का परिसीमन किया जा रहा है, इन संस्थाओं में से कुछ के 5 साल का कार्यकाल पूर्ण होने के उपरांत भी चुनाव स्थगित किए जाकर प्रशासक नियुक्त किए गए हैं जो पूर्णतया अलोकतांत्रिक कृत्य है, जिसके विरोध में आज अजमेर जिला कलेक्टर लोक बंधु को राजयपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

अजमेर उत्तर बी ब्लॉक अध्यक्ष के समीर भटनागर ने आरोप लगाते हुए कहा की परिसीमन की प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है, सारा काम बंद कमरों में हो रहा है, प्रशासन पर सत्ताधारी नेताओं का पूरा दबाव है, जिससे आम जन को भविष्य में नुकसान उठाना पड़ेगा।

इस मौके पर पूर्व मंत्री नसीम अख्तर, अजमेर शहर अध्यक्ष राजकुमार गर्ग, देहात अध्यक्ष हरचंद खटाना,शक्ति सिंह रलावता, अजमेर उत्तर समन्वयक अशोक शुकारिया, अजमेर उत्तर अ ब्लॉक अध्यक्ष हनीफ अंसारी, अजमेर उत्तर बी अध्यक्ष समीर भटनागर, अजमेर दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष व पार्षद लक्ष्मी बुन्देल, मिनाक्षी यादव, भंवर कँवर राठौड़, शैतान गुर्जर रावत, लक्ष्मण गुर्जर, भंवर लाल, सत्यनारायण कुमावत, नोरतमल जैन, विनोद मेघवंशी, संवार लाल, इंद्र कुमार, विनोद मेघवंशी, रमेश चौधरी, मनोज कश्यप, शोएब खान, रफीक मोहम्मद, ज़फर हाश्मी, जावेद खान, गोपल, हरीश कुमार, कुलदीप सिंह राठौड़, गौरव वैष्णव आदि मौजूद रहे।

राजस्थान महिला कल्याण मंडल की पहल

- लिंग आधारित भेद व कार्यस्थल पर लैंगिक हिंसा पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित

अजमेर, (कासं)। राजस्थान महिला कल्याण मंडल चाचियावास अजमेर द्वारा एक्सेस टू जस्टिस परियोजना के अंतर्गत लिंग भेद, कार्यस्थल पर लैंगिक हिंसा, बाल यौन शोषण और पॉक्सो कानून के मुद्दों पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। संस्था निदेशक राकेश कुमार कौशिक ने बताया कि मार्था फेरल फाउंडेशन नई दिल्ली से आए प्रशिक्षक समीक्षा झा एवं पीयूष पोद्दार द्वारा सहभागियों को जेंडर और सेक्स में अंतर, लिंग भेद की अवधारणा, समाज में व्याप्त लिंग आधारित भेदभाव, कार्यस्थल पर लैंगिक हिंसा और उससे संबंधित पोश कानून, बाल यौन शोषण और पॉक्सो कानून पर विभिन्न सत्रों और गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण की शुरुआत संस्था सचिव एवं मुख्यकार्यकारी क्षमा आर कौशिक, निदेशक राकेश कुमार कौशिक, उपनिदेशक नानूलाल प्रजापति, मार्था फेरल फाउंडेशन के प्रतिनिधि समीक्षा झा एवं पीयूष पोद्दार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रशिक्षण में संस्था के द्वारा संचालित बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण कार्यक्रम के अजमेर, बीकानेर, चूरू, नागौर, झुंझुनूं आदि जिलों के कार्यकर्ताओं के साथ, मीनू स्कूल चाचियावास, अद्वैत केंद्र पंचशील अजमेर, संजय इन्क्लूसिव स्कूल ब्यावर, उम्मीद केंद्र पुष्कर तथा सागर कॉलेज के स्टाफ सहित 50 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

संस्था की क्षमा आर कौशिक ने उपरोक्त मुद्दों के सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक कारणों के साथ साथ वर्तमान स्थितियों एवं इसमें सुधार या बदलाव की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

गारंटी योजना शिविर आज से

मसूदा,(निसं)। मसूदा नगर पालिका के ईओ अक्षय राजपुरोहित ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका मसूदा में राज्य सरकार महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना का शुभारंभ आज बुधवार 16 अप्रेल को डागेश्वर महादेव मन्दिर परिसर स्थित पार्क में विधायक की अध्यक्षता में किया जायेगा। इस दौरान शहर के प्रबुद्ध व गणमान्य नागरीक आदि उपस्थित रहेगें। अधिशाषी अधिकारी अक्षय राजपुरोहित द्वारा नगर पालिका मसूदा क्षेत्रवासियों से अपील हैं कि इस योजना का लाभ उठाने हेतु आप किसी भी ई मित्र के माध्यम से जॉब कार्ड बनाने के पश्चात कार्य की मांग कर इस योजना का लाभ उठाया जा सकता है एवं योजना की अधिक जानकारी कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है।

अजमेर जिला वैष्णव समाज पदाधिकारियों ने शक्तिधाम पर की पूजा अर्चना

- प्रभु श्रीराम की मनमोहक प्रतिमा भक्तों आकर्षित कर रही है

अजमेर, (कासं)। नाका मदार शक्तिनगर प्रताप पथ स्थित शक्ति धाम पर अजमेर जिला वैष्णव ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने नव विराजित प्रभु श्रीराम दरबार की पूजा अर्चना कर समाज और मानव जीवन की खुशहाली लिए मंगलकामना की प्रार्थना की।

शक्ति धाम के संस्थापक अध्यक्ष दशरथ सिंह सकराय ने कहा कि प्रभु श्रीराम भक्तो को बुला रहे है भक्त पूजा अर्चना कर मनोकामना मांग रहे है। शक्तिधाम में विराजे प्रभु श्रीराम की मनमोहक प्रतिमा भक्तो आकर्षित कर रही है। शक्तिधाम आस्था का पावन धाम है।

शक्तिधाम पर अजमेर जिला वैष्णव ब्राह्मण समाज के पीसांगन, सरवाड, नसीराबाद, अजमेर शहर, केकड़ी, बिजयनगर के पदाधिकारी शक्तिधाम पहुचे शक्ति धाम संस्थापक दशरथ सिंह सकराय व उपासक सीताराम वैष्णव ने साफा, श्रीराम दुपट्टा, अंडगानंद महाराज कृत यथार्थ गीता भेट कर स्वागत किया गया।

वैष्णव समाज के संभागीय अध्यक्ष रामस्वरूप वैष्णव, अजमेर तहसील अध्यक्ष रामदयाल वैष्णव, सरवाड अध्यक्ष बालमुकुंद वैष्णव, केकडी छात्रावास अध्यक्ष सीताराम डाबर, वैष्णव युवा सेवा संघ विजयनगर अध्यक्ष दीपक वैष्णव, श्रीवैष्णव नागा मंडल पीसांगन अध्यक्ष अशोक वैष्णव, अजमेर वैष्णव छात्रावास अध्यक्ष सुभाष वैष्णव, अजमेर वैष्णव सेवा समिति अध्यक्ष रामगोपाल वैष्णव, केकड़ी छात्रावास अध्यक्ष बृजकिशोर वैष्णव, नसीराबाद वैष्णव समिति अध्यक्ष, रामस्वरूप वैष्णव सहित पदाधिकारीयो ने शक्तिधाम पर पूजा अर्चना की।

इस दौरान भाजपा पूर्व मंडल उपाध्यक्ष भंवर सा सकराय, महेंद्र जोधा, कमल प्रजापत, श्रीराम वैष्णव, मुकेश जांगिड, भाजपा खोडागणेश आईटी संयोजक ज्ञान प्रकाश वैष्णव, आदि उपस्थित रहे।

रक्तदाताओं को हर घर संविधान नामक पुस्तक भेंट की

- रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं की उमड़ी भारी भीड़
- 429 यूनिट हुआ रक्तदान

आसींद, (निसं)। विजन इंडिया वेलफेयर सोसाइटी द्वारा डा भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया आसींद कस्बे के तुलसी सभा भवन में कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ महंत सुरेश दास महाराज,पुर्व राजस्व मंत्री रामलाल जाट, ,पूर्व विधायक हगामी लाल मेवाड़ा , पालिका अध्यक्ष देवी लाल साहू, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मनसुख सिंह गुर्जर , प्रदेश कांग्रेस महासचिव गोवर्धन लाल गुर्जर, कांठोस नगर अध्यक्ष गणेश लाल मेहता सहित प्रबुद्ध जनों की मौजूदगी में शिविर का शुभारंभ हुआ जिसमें सुबह से ही रक्तदाताओं में आसींद क्षेत्र के युवक युवतिया महिलाओं एवं पुरुषों ने रक्तदान किया विजन इंडिया वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती को साप्ताहिक पखवाडा के तहत रक्तदान आपके द्वार अभियान के तहत आसींद के तुलसी भवन सभागार में रक्तदान शिविर का समापन कार्यक्रम किया गया वहीं रक्तदान शिविर में महात्मा गांधी चिकित्सालय एवं ब्लड बैंक की टीम के द्वारा रक्त संग्रहण किया गया। जिसमें कुल 429 यूनिट रक्त संग्रहण किया रक्तदान शिविर में रक्त देने वाले प्रत्येक रक्तदाताओं को हर घर संविधान नामक पुस्तक भेंट उत्साहवर्धन किया गया। पूर्व राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने बताया कि विजन इंडिया वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा यह पुनीत कार्य हर वर्ष किया जाता है इसका मुख्य उद्देश्य है रक्तदान की माहिती आवश्यकता के तहत रक्त संग्रहण कर जरूरतमंद लोगों तक रक्त पहुंचाकर उनके जीवन को बचाना है।हर घर संविधान नामक पुस्तक के बारे में बताया कि प्रत्येक रक्तदाताओं को हर घर संविधान नामक पुस्तक दी गई जिसका मुख्य उद्देश्य संविधान के नियमों के बारे में घर-घर तक जानकारी हो सके एवं उनके मूल कर्तव्यों को लोग जान सके इस हेतु हर घर संविधान नामक पुस्तक प्रत्येक रक्तदाता को दी गई।

वही रक्तदान शिविर में अंतर्राष्ट्रीय तीर्थ स्थल सवाई भोज महंत सुरेश दास महाराज, महंत गोविंद दास महाराज रघुनाथपुरा , पूर्व राजस्व मंत्री रामलाल जाट, नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू, विजन इंडिया वेलफेयर सोसाइटी के सचिव शंकर लाल गाडरी, समाजसेवी मनसुख सिंह गुर्जर, प्रदेश कांठोस कमेटी सचिव गोवर्धन लाल गुर्जर, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, संदीप चावला, धनराज सालवी, गणेश लाल मेहता, सहित प्रबुद्ध जनों की मौजूदगी के साथ आसींद क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सरपंच गण मौजूद रहे।

राजीव बने विप्र सेना के जिला उपाध्यक्ष

अजमेर, (कासं)। ब्राह्मण समाज के संगठन विप्र सेना ने अपने संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए राजीव लोचन शर्मा को जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति विप्र सेना के जिला अध्यक्ष गुंजन शर्मा द्वारा की गई। राजीव लोचन शर्मा लंबे समय से समाज सेवा से जुड़े हुए हैं। वे लगातार ब्राह्मण समाज की एकता, जागरूकता और विकास के लिए काम करते रहे हैं। उनकी मेहनत, सच्ची लगन और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। उनकी नियुक्ति पर विप्र सेना के कई पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी। शुभकामनाएं देने वालों में जिला अध्यक्ष गुंजन शर्मा, रमा मिश्रा, लोकेश मिश्रा, आशीष मिश्रा, प्रवीण झा, हिमांशु वैष्णव, महेश्वर झा, तुषार उपाध्याय, प्रमोद शर्मा, लोकेन्द्र शर्मा मधु भारद्वाज, वनिता जैमन और ललिता शर्मा समेत कई लोग शामिल रहे। सभी ने उम्मीद जताई कि राजीव लोचन शर्मा अपने कार्य और नेतृत्व से समाज और संगठन के लिए कार्य करेंगें।

पुलिस स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

- जवानों ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा, 78 यूनिट रक्त एकत्रित

अजमेर, (कासं)। राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस 13 से 16 अप्रैल तक मनाए जाने की कड़ी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को जिले भर में रक्तदान शिविर सहित सांस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। पुलिस लाइन डिस्पेंसरी में आयोजित रक्तदान शिविर में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने रक्तदान कर देश सेवा का संदेश दिया। शिविर में करीब 78 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस दौरान अवसर पर एसपी वंदिता राणा सहित पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। एएसपी सिटी हिमांशु जांगिड़, एएसपी ग्रामीण दीपक कुमार सहित अन्य अफसरों ने भी रक्तदान किया। इसके बाद सावित्री स्कूल में क्विज प्रतियोगिता व सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

एसपी वंदिता राणा ने बताया कि 13 से 16 अप्रैल तक मनाए जा रहे पुलिस स्थाना दिवस के अवसर पर प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार सुबह 9 बजे से पुलिस लाइन डिस्पंसरी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारियों और जवानों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। शिविर में करीब 78 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। एसपी राणा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाइन अजमेर सहित जिले के समस्त थानों में विशेष रोशनी से सजाए गए है।

क्विज प्रतियोगिता का आयोजन: एसपी राणा ने बताया कि मंगलवार को कार्यक्रम की कड़ी में प्रात: 11 से दोपहर एक बजे सावित्री स्कूल में शहर के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। उन्होंने बताया कि सायं छह बजे माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें पुलिसकर्मियों व परिजनों ने रंगारंग नृत्य गीत-संगीत की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम अंतर्गत खेल, पढ़ाई सहित रचनात्मक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों के साथ बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसपी राणा ने बताया कि पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 13 अप्रैल को पुलिस लाइन मैदान में श्रमदान किया था। बुधवार को सुबह 7:30 बजे पुलिस लाइन ग्राउंड में परेड, 8 बजे से सेवा वितरण चिन्ह व सम्मान समारोह, उसके बाद प्रदर्शनी, वृक्षारोपण तथा वाहन रैली आदि कार्यक्रम होंगे।

पुलिस लाइन में वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन

- डीआईजी ने कहा, संगोष्ठी का उद्देश्य नई पीढ़ी को पुलिस के संघर्ष और उपलब्धियों से अवगत कराना

अजमेर, (कासं)। राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के मद्देनजर आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में मंगलवार को पुलिस लाइन में वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी में अपने विचार रखते हुए डीआईजी ओम प्रकाश ने कहा कि नई पीढ़ी को पुलिस के संघर्ष और उपलब्धियों व पुलिस के स्वर्णिम इतिहास को साझा करने के उद्देश्य से संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

वैचारिक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए अजमेर रेंज डीआईजी ओम प्रकाश ने कहा कि राजस्थान पुलिस का इतिहास गौरवमयी और संघर्ष पूर्ण रहा है। पुलिस ने न केवल प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है, बल्कि बॉर्डर क्षेत्रों में भी प्राणों को न्यौंछावर की देश व प्रदेश हित में ड्यूटी निभाई। डीआईजी ने कहा कि प्रदेश में दस्यु उन्मूलन में पुलिस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सफलता हासिल की है और कई कुख्यात डाकुओं को आत्मसमर्पण कराया, उन्होंने बताया कि गंगानगर और हनुमानगढ़ जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकवाद के खिलाफ सफल ऑपरेशन भी चलाए ताकि देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत हो।

संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी और पुलिसकर्मियों को राजस्थान पुलिस के संघर्ष और उपलब्धियों से अवगत कराना रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले एक साल में अजमेर रेंज में पुलिस ने करीब 150 से अधिक अपराधियों को सजा दिलवाई और कानून व्यवस्था चाकचौबंद रखी। वैचारिक संगोष्ठी में डीआईजी ओम प्रकाश, एसपी वंदिता राणा, सहित जिले के पुलिस अधिकारियों व जवानों उपस्थित रहे।

छगनलाल रेगर का निधन

सरवाड़, (निसं)। शहर में हिन्दू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष व समाजसेवी छगनलाल रेगर का मंगलवार रात्रि को हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया इस पर शहर साहित ग्रामीण क्षेत्रों में शोक की लहर छा गई वहीं भारत विकास परिषद को जब उनकी सूचना मिली तो वे तुरंत उनके घर पहुंचकर परिवार जनों से बातचीत की परिवारजनों की सहमति अजमेर से डॉक्टर सरवाड़ पहुंचकर छगनलाल रेगर का नेत्रदान किया गया जब डॉक्टर से बातचीत हुई तो उन्होंने बताया कि नेत्रदान महादान होता है नेत्रदान से कई लोगों को नई ज्योति मिल सकेगी वही उनका मुक्तिधाम में उनका दागसंस्कार किया गया इस अवसर पर मसूदा के पूर्व विधायक राकेश पारिक व कांग्रेस के नेता सागर शर्मा पहुंचकर परिवारजनों को ढांढस बंधाया वही मुक्तिधाम में हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे।

NAME CHANGE

I, Kashmeer Singh father's of Army No.18010446X, NK, Jagtar Singh, Residing at Fatwa, Bhogpur, Laksar, Haridwar, U.K.247663 have change my name from Kashmir Singh to Kashmeer Singh & Dob from 12-10-1968 to 10-07-1968 at court campus Nasirabad

आम सूचना

मेरी मां श्रीमती चुका देवी पत्नी चंद्राराम जाति रेगर निवासी गांव मोहनपुरा तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर की मृत्यु दिनांक 22 अप्रैल 2011 को मेरे निवास स्थान पर हो गई, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।

प्रार्थी-हरजीराम पुत्र चंदाराम रेगर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीसतनामें/पंजीकृत हकत्याग के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की बाल कृष्ण कौल नगर योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 267 क्षेत्रफल 252 वर्ग मीटर के आवंटी / नामान्तरित श्री अजीत सिंह पुत्र स्व. श्री सरदार जोध सिंह, निवासी - 112, बाल कृष्ण कौल नगर अजमेर के नाम नामान्तरित किया गया। आंवटी अजीत सिंह की मृत्यु दिनांक 09.10.2019 को हो चुकि है। श्री अजीत सिंह द्वारा श्री प्रीतपाल सिंह पुत्र श्री अजीत सिंह, निवासी:- म. न.112, विनायक विहार, बी.के. कौल नगर अजमेर के पक्ष में वसीयतनामा (अपंजीकृत दिनांक 15.03.2017) को निष्पादित किया गया। श्री प्रीतपाल सिंह पुत्र श्री स्व. श्री अजीत सिंह, निवासी:- म.न.112, विनायक विहार, बी. के. कौल नगर अजमेर कि मृत्यु दिनांक 10.11.2022 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः 01. श्री सिमरपाल सिंह मल्होत्रा पुत्र स्व. श्री प्रीतपाल सिंह, 894, बाल कृष्ण कौल नगर अजमेर, निवासी हाल निवासी लोअर बेनियासोल, एस.बी.आई. बैंक के पास गुरूद्वारा के पीछे आद्रा जिला पुरूलिया पश्चिम बंगाल हाल अजमेर द्वारा अपने अपना हिस्सा जरिये पंजीकृत हकत्याग पत्र संख्या 202303002107227 दिनांक 03.06.2023 के द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती उत्तम कौर पत्नि स्व. श्री प्रीतपाल सिंह, निवासी 894, बाल कृष्ण कौल नगर अजमेर के पक्ष में निष्पादित किया गया। पंजीकृत हकत्याग पत्र एवं सजरा के आधार उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतु श्रीमती उत्तम कौर पत्नि स्व. श्री प्रीतपाल सिंह, व कु. अमरीशा कौर पुत्री स्व. श्री प्रीतपाल सिंह (नाबालिग) निवासी 894, बाल कृष्ण कौल नगर अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भूखण्ड संख्या 267 बाल कृष्ण कौल नगर योजना का नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांक : योजना/2025-28/58 — सार्वजनिक सूचना — दिनांक: 15.04.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रणजीत प्रेग, श्री शशि कुमार प्रेम, श्री प्रेम संजय पुत्रगण स्व. श्री भंवर लाल प्रेम, निवासी सी 24, वन्दवरवाई नगर, अजमेर के द्वारा नगर निगम की नाकानदार आवासीय योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 6EWS क्षेत्रफल 173.30 वर्गगज को अपने नाम से नामान्तरण करवाये जाने बाबत दस्तावेज संलग्न कर आवेदन सं. LSG/AJMER/MUT/2023-24/113620 दिनांक 24.12.2024 को नामान्तरण हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार उक्त भूखण्ड मूल आवंटी श्री भंवर लाल प्रेम पुत्र श्री एच. एन. प्रेम के नाम से दर्ज है जिसका लीज डीड पट्टा क्रमांक 639 दिनांक 05.03.2008 संलग्न किया गया है। श्री भंवर लाल प्रेम का स्वर्गवास दिनांक 27.02.2012 एवं श्रीमति अरूणा प्रेम का स्वर्गवास दिनांक 08.10.2003 को हो चुका है। जरिये सजरा प्रमाण पत्र के आधार पर श्री रणजीत प्रेम, श्री शशि कुमार प्रेग, श्री प्रेम संजय (पुत्रगण) विधिक वारिस है। उपरोक्त वारिसों ने जरिये शपथ पत्र दिनांक 03.04.2025 द्वारा संयुक्त नामान्तरण चाहा गया है। उक्त प्रकरण का निष्पादन राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 116 के तहत आवेदित है जिसका निष्पादन धारा 118 के तहत प्रक्रियाधीन किया गया है। इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आपत्ति प्रकाशन से 07 कार्य दिवस के लिए आवेदन के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों को नगर निगम कार्यालय की योजना शाखा में देखने/पढ़ने के लिए खुला रखा गया है इस अवधि में किसी भी हितबद्ध व्यक्ति/आम खास को कोई आपति उज्र हो तो सूचना के प्रकाशन से 07 कार्य दिवस में मय पुख्ता दस्तावेजों के साथ अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता है बाद मियाद नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांक : योजना/2025-28/53 — सार्वजनिक सूचना — दिनांक: 15.04.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति रश्मी पाहुजा पत्नी श्री धीरज पाहुजा निवासी फ्लेट नम्बर 1002, लामर टावर 3 केसर एक्सोटिका, खारघर सेक्टर 10, रायगढ महाराष्ट्र के द्वारा नगर निगम की आनासागर सर्क्युलर रोड आवासीय योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 156 EWS क्षेत्रफल 47.84 वर्गगज को अपने नाम से नामान्तरण करवाये जाने बाबत दस्तावेज संलग्न कर आवेदन स. LSG/AIMER/MUT/2023-24/126317 दिनांक 02.04.2025 को नामान्तरण हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार उक्त भूखण्ड मूल आवंटी श्रीमती बीना रानी मोहिन्द्रा पत्नी सोमदत मोहिन्द्रा के नाम से दर्ज है जिसका लीज डीड पट्टा क्रमांक 9044 दिनांक 02.10.2021 संलग्न किया गया है। श्रीमती बीना रानी मोहिन्द्रा का स्वर्गवास दिनांक 17.12.2024 को हो चुका है। जरिये अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 12.12.2024 द्वारा श्रीमति रश्मी पाहुजा पत्नी श्री धीरज पाहुजा को निष्पादित किया गया है। उक्त प्रकरण का निष्पादन राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 116 के तहत आवेदित है जिसका निष्पादन धारा 118 के तहत प्रक्रियाधीन किया गया है। इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आपत्ति प्रकाशन से 07 कार्य दिवस के लिए आवेदन के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों को नगर निगम कार्यालय की योजना शाखा में देखने / पढ़ने के लिए खुला रखा गया है इस अवधि में किसी भी हितबद्ध व्यक्ति/आम खास को कोई आपति उज्र हो तो सूचना के प्रकाशन से 07 कार्य दिवस में मय पुख्ता दस्तावेजों के साथ अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता है बाद मियाद नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 1569 — जाहिर आम सूचना — दिनांक 10.2.25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 5/49, पंचशील अजमेर में कुमारी देवकुमारी मीणा पुत्री श्री शिवनारायण मीणा को आवंटित कर दिनांक 20.09.2005 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। कुमारी देवकुमारी मीणा पुत्री श्री शिवनारायण द्वारा दिनांक 29.10.2005 को उप-पंजीयक कार्यालय द्वारा आवास का पंजीयन करवा लिया गया है। पंजीयन पश्चात श्रीमती देवकुमारी मीणा पुत्री श्री शिवनारायण मीणा द्वारा आवास का बैचान श्री नागसेन पुत्र श्री किशनलाल को दिनांक 15.05.2009 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 1672 में पृष्ठ संख्या 184 क्रम संख्या 2009001942 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 3683 के पृष्ठ संख्या 283 से 294 पर दिनाक 15.05.2009 को चस्पा किया गया।

अब श्री नागसेन पुत्र श्री किशनलाल ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया श्री नागसेन पुत्र श्री किशनलाल का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है।

अत उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने बात कोई आपति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियन्ता
राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड - अजमेर

कार्यालय ग्राम पंचायत गोठियाना, पंचायत समिति अरांई

क्रमांक -ग्राम पंचायत गोठियाना/ई-निविदा/2025-26/15 — दिनांक : 09.04.2025

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या 01/2025-26

ग्राम पंचायत गोठियाना के द्वारा वित्तिय वर्ष 2025-26 में महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित कार्यो के लिए निर्माण सामग्री (यथा ग्रेवल, क्रेरी, रबिश, ईट प्रथम श्रेणी, पत्थर, रेत / बजरी, केशर, ब्रोकन, गिट्टी, सीमेन्ट, चूना, पटिटया, वाईडिग वायर, चिनाई खरंचा पत्थर, लोहे के दरवाजे एंव खिडकिया, एनेमल पेंट आदि सामग्री, पानी टेकर सप्लाई एवं किराये पर सीमेन्ट ककरीट मिक्सर, रोड रोलर, सीमेन्ट कांकरिट इन्टरलॉकिंग ब्लॉक आदि) की वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त निविदाए वेब पोर्टल http:www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

क्र.स.	ग्राम पंचायत	NIB NO	UBN NO
1	गोठियाना	ZAJ2526A0024	ZAJ2526GLOB00024

प्रशासक ग्राम पंचायत गोठियाना पं.सं. अरांई — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत गोठियाना पं.सं. अरांई

कार्यालय ग्राम पंचायत भोगादीत, पंचायत समिति अरांई

क्रमांक -ग्राम पंचायत भोगादीत/ई-निविदा/2025-26/04 — दिनांक : 08.04.2025

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या 01/2025-26

ग्राम पंचायत भोगादीत के द्वारा वित्तिय वर्ष 2025-26 में महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित कार्यो के लिए निर्माण सामग्री (यथा ग्रेवल, क्रेरी, रबिश, ईट प्रथम श्रेणी, पत्थर, रेत / बजरी, केशर, ब्रोकन, गिट्टी, सीमेन्ट, चूना, पटिटया, वाईडिग वायर, चिनाई खरंचा पत्थर, लोहे के दरवाजे एंव खिडकिया, एनेमल पेंट आदि सामग्री, पानी टेकर सप्लाई एवं किराये पर सीमेन्ट ककरीट मिक्सर, रोड रोलर, सीमेन्ट कांकरिट इन्टरलॉकिंग ब्लॉक आदि) की वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त निविदाए वेब पोर्टल http:www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

क्र.स.	ग्राम पंचायत	NIB NO	UBN NO
1	भोगादीत	ZAJ2526A0025	ZAJ2526GLOB00025

प्रशासक ग्राम पंचायत भोगादीत पं.सं. अरांई — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत भोगादीत पं.सं. अरांई